# मीरां- जीवण अर सिरजण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 28 को साहित्य अकादेमी एवं श्री चतुर्भुज शिक्षा समिता मेड़ता के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन

- दैनिक मरुप्रहार

डी.डी. चारण / मेड़ता सिटी। भक्त शिरोमणि मीराबाई पर राजस्थानी भाषा में एक दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन साहित्य अकादेमी नई दिल्ली और श्री चतुर्भुज शिक्षा समिति मेड़ता के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 28 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से शाम 05.00 तक श्री चारभुजा राजपूत छात्रावास मेड़ता में आयोजित किया जायेगा। समारोह संयोजक एवं राजस्थानी युवा रचनाकार डॉ रामरतन लटियाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय परिसंवाद का उदघाटन समारोह राजस्थानी भाषा परामर्श मण्डल - साहित्य अकादेमी के संयोजक प्रोफेसर (डॉ.) अर्जुनदेव चारण की अध्यक्षता एवं प्रख्यात साहित्यकार प्रोफेसर (डॉ) सत्यनारायण के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर श्री चतुर्भुज शिक्षा समिति के अध्यक्ष जसवंतसिंह थाटा स्वागत अध्यक्ष के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रतिष्ठित कवि-आलोचक डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित विभागाध्यक्ष राजस्थानी विभाग जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर और डॉ जगदीश गिरी सह आचार्य राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर अध्यक्षता में आयोजित विभिन्न साहित्यिक सत्रों में डॉ रामरतन लटियाल- मध्यकालीन काव्य-परंपरा अर मीराबाई, रीना मेनारिया उदयपुर- राजस्थानी लोक में मीराबाई,मीरा शोध संस्थान के सचिव श्यामसुन्दर सिखवाल- इतिहास रै उजास में मीराबाई एवं डॉ सवाईसिंह महिया- मीराबाई री भगती साधना विषयक आलोचनात्मक शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

समापन समारोह : मुख्य अतिथि राजस्थानी के वरिष्ठ कवि लक्ष्मणदान कविया खेण और राजस्थानी के प्रसिद्ध कवि श्रवणसिंह राजावत एडीएम की अध्यक्षता में सांय 5 बजे सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के आयोजन हेतु आभार श्री चतुर्भुज शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष नरपतसिंह भानास ज्ञापित करेंगे। श्री चतुर्भुज शिक्षा समिति के सचिव सुरेन्द्र सिंह कात्यासनी के बताया कि समारोह में प्रदेश एवं शहर के गणमान्य मीरां भक्त एवं साहित्यप्रेमी मौजूद रहेंगे।